एमएसएमई इकाइयां देंगी 48766 लोगों को रोजगार

- तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग से खुलेगी रोजगार की राह
- 1500 परियोजनाएं शुरू कराने की योजना

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। उत्तर प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग में 3586 करोड़ रुपये के होने वाले निवेश से सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की 865 इकाइयां लगेंगी। इससे 48766 लोगों को रोजगार मिलेंगे।

राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। ग्राउंड ब्रेकिंग के 3 जून को तीसरे शिलान्यास समारोह में 75000 करोड़ रुपये से अधिक की 1500 परियोजनाओं को शुरू करने की योजना है। सबसे ज्यादा 283 एमएसएमई इकाइयां मेरठ में स्थापित की जाएंगी, जिससे 702 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 13985 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अयोध्या में लगभग 128 एमएसएमई इकाइयां 915 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएंगी और 5991 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। अन्य प्रमुख परियोजनाओं में अडानी और हीरानंदानी समूहों के क्रमशः 4900 करोड़ रुपये और 9100 करोड़ रुपये के डेटा सेंटर शामिल हैं।